राजस्थान सरकार

# निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(एस–643/88) अलेसे–I/ 604-611 दिनांकः– 26/07/2022

## आदेश

श्री सुरेन्द्र कुमार दायमा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। (निलम्बित), मुख्यालय–कोषालय, जोधपुर (शहर) के विरूद्ध उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर ने अपने पत्र कमांक भ्रनिब्यूरो जोध/2020/2693–97 दिनांक 09.11.2020 से श्री दायमा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। को कार्यालय जिला परिवहन अधिकारी, नोहर (हनुमानगढ़) में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर द्वारा दिनांक 18.09.2020 को 5000/–रूपये (पांच हजार रूपये) की रिश्वत लेते हुये रंगे हाथों गिरफ्तार किए जाने एवं इनके विरूद्ध प्रथम सूचना रिपोर्ट सं. 215/2020 पंजीबद्ध करने की सूचना प्रेषित करने के फलस्वरूप राजस्थान सिविल सेवा (सी.सी.ए.) नियमों के नियम–13 में प्रदत्त शक्तियों के अनुसरण में श्री सुरेन्द्र कुमार दायमा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। को गिरफ्तारी दिनांक 18.09.2020 से निलम्बित किया गया था।

श्री दायमा को निलम्बित हुए 6 माह से अधिक की अवधि पूर्ण हो चुकी है। श्री दायमा द्वारा निर्वाह भत्ता बढाये जाने हेतु प्रस्तुत प्रार्थना पत्र के आधार पर राजस्थान सेवा नियम के नियम 53(1) के अनुसरण में श्री सुरेन्द्र कुमार दायमा, सहायक लेखाधिकारी, ग्रेड–।(निलम्बित) को पूर्व में स्वीकृत निर्वाह भत्ते में 50% की अभिवृद्धि किये जाने की स्वीकृति एतद् द्वारा प्रदान की जाती है।

(भूपेश माथुर)
निदेशक

क्रमांकः– एफ.2 (क)(1)/(एस–643/88) अलेसे–I/ 604-611 दिनांकः– 26/07/2022

प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित है :–

1 संयुक्त शासन सचिव, वित्त (राजस्व) विभाग, शासन सचिवालय, जयपुर।
2 कोषाधिकारी, जोधपुर (शहर)/हनुमानगढ़।
3 उप महानिरीक्षक पुलिस, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, जोधपुर।
4 पुलिस अधीक्षक, भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, बीकानेर।
5 जिला परिवहन अधिकारी, नोहर (हनुमानगढ़)।
6 श्री सुरेन्द्र कुमार दायमा, सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–। (निलम्बित), मुख्यालय–कोषालय, जोधपुर (शहर)।
7 निजी सचिव, निदेशक महोदय।
8 उपनिदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु।
9 गार्ड फाईल/पदस्थापन शीट।

(धीरज सिसोदिया)
अतिरिक्त निदेशक (कार्मिक– I)